छात्रावास में आदिवासी छात्र ले रहे हैं सरकारी योजना का लाभ

नवभारत न्यूज

चाकघाट, 19 दिसम्बर, नगर के शासकीय संदीपनी बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने वाले आदिवासी छात्रों के लिए आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास चाकघाट नगर परिषद की सीमा से बाहर ग्राम पंचायत क्षेत्र सतपुरा में बनाया गया है.

इस छात्रावास में रहने वाले छात्रों को शासन की योजना के अनुसार आवास, भोजन, पुस्तक गणवेश आदि की व्यवस्था की जा रही है. वैसे देखा जाए तो यह छात्रावास शासकीय संदीपनी बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चाकघाट से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर बना हुआ है. बताया गया है कि इस छात्रावास की व्यवस्था संचालन हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी अधिकारियों द्वारा सतत निगरानी की जाती है. आदिवासी छात्रावास के अधीक्षक कृष्णकांत द्विवेदी ने एक जानकारी में बताया है कि इस समय इस विद्यालय में 48 छात्र पंजीकृत हैं जबकि यहां पर 50 छात्रों की व्यवस्था है जहां छात्रावास में रहने वाले छात्रों को वर्ष में एक बार बिस्तर गद्दा कंबल चद्दर तकिया आदि के लिए 5975/ रुपए प्रति छात्र एवं 1605/ रुपए का 10% राशि तेल साबुन आदि के लिए प्रतिमाह प्रति छात्र के दर से उनके खाते में सीधे जमा किया जाता है, जबकि उनके भोजन आदि के लिए 1450/ रुपए प्रति माह उपलब्ध कराया जाता है. छात्रों के लिए अनाज की व्यवस्था शासकीय उचित मूल्य की दुकान से होती है. छात्रावास अधीक्षक कृष्णकांत द्विवेदी का कहना है कि मध्य प्रदेश शासन की इस उदार योजना का लाभ यहां पर अध्ययनरत उन आदिवासी छात्रों को मिलता है जो शिक्षा के प्रति लगाव रखते हैं.

भवन में पर्याप्त स्नान आवास शौचालय आदि की व्यवस्था है. कृष्णकांत द्विवेदी ने आदिवासी समुदाय के अभिभावकों सेआग्रह किया है की मध्य प्रदेश शासन की इस उदार योजना का लाभ लेने के लिए अपने बच्चों को विद्यालय भेजें. छात्रावास में रहने वाले बच्चो की जानकारी लेते रहे.

हजारों श्रद्धालुओं ने किए हाटेश्वरनाथ के दर्शन, चढ़ाया रोट गंठबंधन कर मांगी मन्नत

मंदिर में दर्शन के लिये लगा ताता, प्रदेश और यूपी से पहुंचे हजारों श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

हनुमना, 19 दिसम्बर, हनुमना जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत हाटा स्थित हाटेश्वरनाथ मंदिर परिसर मे आज पौसी तेरस पर लगे मेले में हजारो लोगों ने भगवान हाटेश्वर नाथ महादेव के दर्शनकर रोट व नारियल चढ़ाकर शिव पार्वती का गठबंधन कर अपनी मनोकामनाएं पूर्ति के कामना की वही खचाखच भरे मेले में कहीं तिल रखने की जगह नहीं थी.

उल्लेखनीय है कि हनुमना जनपद क्षेत्र के ग्राम हाटा में स्थित हाटेश्वरनाथ महादेव वरदानी बाबा के नाम से भी जाने जाते हैं इनके दर्शन के लिए वर्ष भर समूचे क्षेत्र के लोग जहां अपनी मन्नतें पूरी होने पर चढ़ावा तथा गठबंधन करने आते हैं वहीं पौसी तेरस तथा शिवरात्रि पर यहां मेले का आयोजन होता है पौस तेरस पर तो लाखों की भीड़ हुआ करती है उसी के अनुरूप आज भी विशाल मेला लगा था जो सप्ताह भर चलेगा. पुजारी सदाशिव भारती ने बताया किआज प्रथम दिवस तकरीबन एक लाख लोगों ने दर्शन किए जिसमें वाराणसी प्रयागराज मिर्जापुर मध्य प्रदेश के रीवा सीधी सिंगरौली सतना शहडोल आदि जिलों के लोग दर्शन करने पधारे थे लेकिन प्रशासन की लचर व्यवस्था के चलते न तो मेला ठीक से लगा था ना ही मंदिर परिसर में सुरक्षा के कोई खास इंतजाम थे.

ऊपर से मेला परिसर में एंड मीट मटन की दुकान भी सजी रही जो मेला की पवित्रता को तार तार कर रही हैं समाजसेवी राजेश कुमार बताते हैं कि इस बार के मेले में व्यवस्था नाम की चीज नहीं रही वे लगातार 20 वर्षों से इस मेले में नियमित रूप से दर्शन करने आते हैं लेकिन ऐसी लचर व्यवस्था कभी नहीं देखी वहीं उन्होंने आक्रोश जताते हुए कहा है कि प्रशासन का कोई भी अधिकारी ना तो इतने बड़े मेले में आया ना ही कोई जनप्रतिनिधि भी मेले में दिखाई दिए ऊपर से अंडे मीट मटन की दुकान मेला परिषद में लगाकर लाखों लोगों की आस्था पर आघात किया जा रहा है. वाराणसी से पधारे अमिलिया निवासी पंडित ध्रुव नारायण बताते हैं कि वह 2019 से शंकर जी का दर्शन करने आते हैं और इस मेले के दिन आवश्य आते हैं इनकी महिमा की जितना गुणगान किया जाए वह काम है लेकिन व्यवस्था नाम की चीज नहीं है.

मेला समिति के गठन की कलेक्टर से उठी मांग

हाटेश्वरनाथ हाटा मंदिर परिसर में पौसी तेरस का यह मेला प्रयागराज के माघ मेले के बाद देश के बड़े सुमार मेला से किसी भी सूरत में काम नहीं लगता या मेल एक सप्ताह तक चलता है और यहां मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों के व्यापारी खिलौने चार्ट पकौड़ी मिठाई तथा कपड़े बर्तन लोहे की सामग्री तथा बड़े-बड़े झूले आदि लेकर आते हैं . मेला समिति के गठन को लेकर मांग की गई है . कलेक्टर से मेला समिति गठित करने की मांग हुई है .

तुलसी पूजन घर-घर में मनायें

नवभारत न्यूज

रीवा, 19 दिसम्बर, श्री योग वेदान्त सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश आहूजा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तुलसी पूजन दिवस मनाया जायेगा.

21 दिसम्बर को तुलसी पूजन दोपहर 2 बजे से स्थान तोपखाना सिंधी धर्मशाला नेत्रहीन विद्यालय के सामने एवं 25 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से सिंधी धर्मशाला शास्त्री नगर रीवा में मनाया जायेगा. कार्यक्रम को लेकर तैयारी बैठक आयोजित की गई. बैठक में भजनलाल सचदेव, कैलाश आहूजा, बंशीधर वाधवानी, अभिमन्यु गुप्ता, महेश साहू, अशोक सर्राफ, विनोद पटेल, श्रीकान्त श्रीवास्तव, महिला समिति की सचिव दिशा लालवानी, अध्यक्ष मधु शिवनानी, काशी खिलवानी,सुधा वर्मा, वंशिका तुलसानी आदि उपस्थित रहें.

प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है : त्रिपाठी

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 19 दिसम्बर, आम आदमी पार्टी ने मध्य प्रदेश में विधान सभा चुनाव की तैयारियां अभी से शुरू कर दी है.

इसके लिए मप्र जोड़ो अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत पार्टी प्रदेश के शहरों से लेकर दूरस्थ गांवों अपनी पैठ बना रही है. उसी अभियान के तहत मऊगंज जिले के ग्राम तड़ौरा में एक आम सभा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित उमेश त्रिपाठी मौजूद थे. उन्होंने अपने संबोधन में बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इन दोनों पार्टियों ने वोट के लिए वर्षों से प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही है. प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है. बहन बेटियों पर अत्याचार दिन व दिन बढ़ता जा रहा है. अपराध के मामले में प्रदेश अव्वल है. किसानों को समय पर न तो खाद मिली और अब बिजली के लिए उन्हें परेशान होना पड़ रहा है. श्री त्रिपाठी ने मौजूद लोगों की समस्याएं भी सुनी और जरूरत मंदों को कंबल वितरित किए. कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष भोला भारती, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राम नरेश सोनी, मीडिया प्रभारी रोहणी गिरी, महिला बिंग की पूर्व जिला अध्यक्ष श्रद्धा श्री वर्मा और महामंत्री पूनम पटेल भी मौजूद रहीं.

गौशाला में चल रहे भ्रष्टाचार की विधायक से शिकायत

खटखरी ग्राम पंचायत स्वयं सहायता समूह संचालित गौशालाओं में गायों की हालत निंदनीय

नवभारत न्यूज

हनुमना, 19 दिसम्बर, मध्य प्रदेश सरकार द्वारा गाय के सुविधा के लिए अनेक योजनाएं उपलब्ध करा रही है और कर भी रही है.

परंतु खटखरी ग्राम पंचायत स्वयं सहायता समूह के द्वारा संचालित गौशालाओं में गायों की हालत निंदनीय बनी हुई है. जबकि सरपंच एवं सचिव द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं में तो भ्रष्टाचार किया ही जा रहा था इसके बाद इन्हें पैसे की चमक गौ माता के चारा भूसा अन्य व्यवस्थाओं में भी अब यह लोग बंदरबाट करने लगे हैं.

जबकि गौ सेवा को भागवत सेवा माना गया है जिस पर खटखरी ग्रामीणों द्वारा चार भूसा प्यारा जो भी होता है वह ग्रामीण लोग गौशालाओं में अपना योगदान करते हैं और खड़कारी गौशाला के सरपंच सचिव द्वारा गायों की संख्या से अधिक मात्रा में अपने रजिस्टर में अंकित कर पैसे का बंदर वाट कई वर्षों से किया जा रहा है जिस पर जानकारी होने के पश्चात खटखरी के ग्रामीण एवं खटखरी के सामाजिक लोगो के साथ अशोक गुप्ता ने गौशालाओं का जाकर अवलोकन किया तो बहुत ही गंभीर व्यवस्था गौशाला में देखी गई जिसकी शिकायत लेकर वह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक देवतालाब गिरीश गौतम से लिखित रूप से दिया गया. शिकायत के बाद शासन प्रशासन ने स्थानीय अधिकारी को आदेशित किया जांच के लिए जिस पर खटखरी हल्का पटवारी द्वारा जांच के लिए 15 तारीख एवं 16 तारीख को गौशाला खटखरी पहुंचे और निरीक्षण में देखा गया कि खटखरी गौशाला में सरपंच एवं सचिव द्वारा बंदरबांट कर राशि को हजम किया जा रहा था.

खटखरी में संचालित गौशालाओ को लेकर शिकायत करते स्थानीय लोग

खाद्यान्न का समय पर उठाव और वितरण कराएं : जामोद

नवभारत न्यूज

रीवा, 18 दिसम्बर, कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित संभागीय बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने उच्च प्राथमिकता के कार्यों की जिलेवार समीक्षा की. कमिश्नर ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में आवंटित खाद्यान्न का समय पर उठाव करके उचित मूल्य दुकानों से वितरण कराएं.

समय पर खाद्यान्न न पहुंचाने वाले परिवहनकर्ताओं पर कार्यवाही करें. राजस्व अधिकारी तथा अन्य अधिकारी उचित मूल्य दुकानों का नियमित रूप से निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें. कलेक्टर धान उपार्जन के संबंध में प्रतिदिन जानकारी लेकर इससे जुड़ी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करें. समितियों में उपार्जित धान का अधिकतम तीन दिवस में परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं जिससे किसानों को भुगतान हो सके. किसानों को अधिकतम सात दिवस की अवधि में भुगतान सुनिश्चित करे. उपार्जन केन्द्रों में अवैध रूप से आने वाली धान पाए जाने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करें. सिकमी और बटाईदार किसानों के सत्यापन के मामले तीन दिवस में निराकृत करें. कमिश्नर ने कहा कि प्रत्येक विकासखण्ड में कम से कम एक पेयजल समस्यामूलक गांव का चयन करें. इस गांव में जल संरक्षण के कार्य कराकर इसे जल स्वावलंबी गांव बनाएं. बैठक में कमिश्नर ने कहा कि नलजल योजनाओं की प्रगति की हर माह समीक्षा करें. पूर्ण नलजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कराकर उनका नियमित संचालन कराएं. समूह नलजल योजनाओं से जुड़े निर्माण कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा करें. कलेक्टर ई-आफिस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करायें. रीवा संभाग संभागों की रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है. ई-आफिस में कलेक्टर्स जिले की रैंकिंग में सुधार करें. सभी कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक भूमि विवाद से जुड़े सामुदायिक और साम्प्रदायिक विवादों पर कड़ी निगरानी रखें. विवाद की आड़ में उपद्रव करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही करें. इन विवादों का स्थाई समाधान करने के लिए विभिन्न समुदायों के साथ संवाद और समन्वय करके प्रकरणों का निराकरण करें. बैठक में डीआईजी हेमंत चौहान, सभी जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

गंदगी से सराबोर प्रवेश द्वार नगर चाकघाट

नवभारत न्यूज

चाकघाट, 19 दिसम्बर, यह चाकघाट नगर परिषद क्षेत्र एवं मध्य प्रदेश का प्रवेश द्वार है. इसे स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने की बात हर नेता करता हैं.

किंतु यहां की गलियों यहां की सड़कों में फैली गंदगी का अंबार यह बताता है कि इसकी सफाई और समुचित व्यवस्था के लिए जिम्मेदार अधिकारी लापरवाही से भरे और दायित्व बोध से परे हैं. राष्ट्रीय राजमार्ग 27 से गौरारोड की ओर जाने वाली सड़क जिस मार्ग पर सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय एवं बीएड व फार्मेसी कॉलेज है इस रास्ते पर सड़क पर गंदा पानी भरा रहता है. वार्ड नंबर 10 के नाली की सफाई नहीं होती. नाली नाली के ऊपर ओवर फ्लो होकर गंदा पानी लोगों के आवास और खेतों में घुस जाता है. जहां गंदगी बीमारी के साथ उनके फसलों को भी क्षति पहुंच रही है. नगर परिषद प्रशासन से इसकी शिकायत किए जाने के बावजूद भी इसकी समुचित व्यवस्था की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. मुख्यमंत्री सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज करने के बाद दिखावे के लिए थोड़ा सा प्रयास हुआ किंतु समस्या ज्योंकि त्यों बनी हुई है. आश्चर्य है कि नगर के प्रवेश द्वार को व्यवस्थित सुंदर और विकसित बनाने की बात करने वाले नेता मौन क्यों है?

ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सुरसाकल ने किया बोरी बंधान

नवभारत न्यूज

रीवा, 19 दिसम्बरग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के तत्वाधान में सुरसा कल के बेला नाल में जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान किया गया है.

जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के उपाध्यक्ष राम लखन सिंह बघेल ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषदश्रीमती सुषमा शुक्ला की उपस्थिति में सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वाराबोरी का बंधन किया गया जिससे नाले में पानी का ठहराव होने लगा है और करीब 20 से 25 एकड़ जमीन में किसानों द्वारा सिंचाई भी की जा सकती है. इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष राम लखन सिंह महगना द्वारा सामाजिक कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि गांव-गांव में अगर हम जल स्त्रोतों को अभी से बंधन करने लगेंगे तो गर्मी के मौसम में हमारे गांव का जलस्तर कम नहीं होगा सिंचाई के साथ ही बोरी बंधान के माध्यम से जल संग्रहण का कम लागत में सबसे सफल उपाय है हर गांव के युवा और सामाजिक कार्यकर्ता जल सोत्रों का चिन्हांकन करे.

फसल बर्बाद होने के बाद सर्वे केवल कागजों तक

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 19 दिसम्बर, जिस देश में किसान को 'अन्नदाता' कहा जाता है, वही अन्नदाता आज खुद दो वक्त की राहत और अपने बच्चों के भविष्य के लिए संघर्ष कर रहा है. खेतों में उगने वाला अनाज देश का पेट भरता है, लेकिन उसी अन्नदाता के बच्चों के लिए शिक्षा आज भी अनाज जितनी सस्ती और सुलभ नहीं हो पाई है.

सवाल यह है कि जो किसान देश को भोजन देता है, क्या उसके बच्चे पढ़-लिखकर बेहतर जीवन का सपना देखने के हकदार नहीं हैं?हाल के दिनों में प्रकृति के कहर ने किसानों की कमर तोड़ दी है. लगातार बारिश और मौसम की मार के चलते कई इलाकों में धान की फसल खेतों में ही अंकुरित हो गई. हरी-भरी फसल देखते-देखते पूरी तरह खराब हो गई. महीनों की मेहनत, बीज, खाद, पानी और कर्ज सब कुछ मिट्टी में मिल गया.

सरकार की ओर से नुकसान का सर्वे तो कराया गया, लेकिन किसानों का आरोप है कि यह सर्वे केवल कागजी कोरम बनकर रह गया. फाइलें तैयार हुईं, आंकड़े जुटाए गए, लेकिन वे सब आज 'ठंडे बस्ते' में डंप पड़ी हैं. खेत में खड़ा किसान आज भी मुआवज़े का इंतज़ार कर रहा है. किसानों का कहना है कि जब प्रकृति का कहर उन पर टूटता है, तब वे ईश्वर के बाद सरकार की ओर आशा भरी निगाहों से देखते हैं. उम्मीद रहती है कि शायद सरकार उनकी पीड़ा को समझेगी और कुछ आर्थिक सहायता देकर हालात को थोड़ा आसान बनाएगी. लेकिन ज़मीनी सच्चाई यह है कि राहत की घोषणा और वास्तविक मदद के बीच लंबा और थकाने वाला अंतर दिखाई देता है.

नव आरक्षकों को योग ध्यान विधियों की दी गई जानकारी

नवभारत न्यूज

रीवा, 19 दिसम्बर, मिशन कर्मयोगी के तहत पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में योग दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया. पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन के नेतृत्व में मध्य प्रदेश की समस्त पुलिस इकाइयों में चल रहे 3 दिवसीय ध्यान/योग शिविर के क्रम में इकाई में योग, हार्टफुलनेस एवं ध्यान की कार्यशाला आयोजित हुई.

पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक, समस्त स्टाफ एवं 457 प्रशिक्षु नव आरक्षकों ने भाग लिया. पुलिस अधीक्षक ने स्वयं प्रशिक्षुओं को योगासनों, ध्यान विधियों एवं हार्टफुलनेस तकनीकों से परिचित कराया. योग और हार्टफुलनेस शारीरिक लचीलापन बढ़ाने, रक्तचाप नियंत्रित करने, चिंता-तनाव दूर करने तथा मानसिक स्पष्टता प्रदान करने में अत्यंत प्रभावी हैं. ये अभ्यास नींद की गुणवत्ता सुधारते हैं, ऊर्जा स्तर बढ़ाते हैं तथा हृदय रोग, डायबिटीज जैसी बीमारियों से बचाव करते हैं.

पुलिस विभाग में ये अनिवार्य हैं, क्योंकि अधिकारी-कर्मचारी उच्च दबाव वाली परिस्थितियों में कार्यरत रहते हैं. नियमित प्रैक्टिस से वे मानसिक रूप से मजबूत बनते हैं, थकान कम होती है, निर्णय क्षमता तेज होती है तथा कर्तव्य के प्रति समर्पण बढ़ता है.

इससे न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य सुरक्षित रहता है, बल्कि विभाग की समग्र कार्यकुशलता में वृद्धि होती है. यह आयोजन पुलिसकर्मियों को स्वस्थ एवं सजग बनाने की दिशा में सराहनीय प्रयास है. पीटीएस में नव आरक्षको को प्रशिक्षण दिया जा रहा है.

हर तरह की गतिविधियों से अवगत कराया जा रहा है. कार्यशाला के दौरान योग आदि की जानकारी देते हुए उसके लाभ के बारे में बताया.

अर्धनग्न आंदोलनकारियों को जेल भेजने के बाद झुका प्रशासन

आरोप से घिरे कर्मचारी को हटा कर भेजा मूल विभाग, रिहा हुए आंदोलनकारी

नवभारत न्यूज

मऊगंज, 19 दिसम्बर, मऊगंज में समाजसेवियो द्वारा भ्रष्टाचार और कथित रिवतखोर के आरोपो में घिरे निज सहायक को हटाए जाने के लिये विरोध प्रदर्शन किया गया. पुलिस प्रशासन ने अर्धनग्न बुजुर्गो को गिरफ्तार कर सलाखो के पीछे भेज दिया.

कड़ाके की ठंड में विरोधकर कर रहे प्रदर्शनकारी पीछे नही हटे. लिहाजा मऊगंज प्रशासन को झुकना पड़ा और आरोप से गिरे कर्मचारी को हटा दिया गया. दरअसल कलेक्ट्रेट में पदस्थ पंकज श्रीवास्तव प्रयोगशाला परिचरक के खिाफला आरोप लगाया गया थ. विरोध प्रदर्शन के चलते प्रशासन ने चल रही जांच के चलते पंकज को मूल विभाग शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज के लिये भारमुक्त किया गया है. धरना स्थल पर पंकज हटाओ मऊगंज बचाओ के नारे गूंजते रहे. प्रशासन द्वारा अनदेखी किए जाने पर आंदोलनकारियों ने सड़क पर लेटकर विरोध दर्ज कराया. इसके बाद 50 से अधिक पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में बुजुर्गों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. इस कार्रवाई से जिले में आक्रोश फैल गया और प्रशासनिक संवेदनशीलता पर सवाल उठने लगे. बुजुर्गों की गिरफ्तारी के बाद अधिवक्ता वर्ग और स्थानीय नागरिक खुलकर समर्थन में उतर आए. रात में ही कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने धरना शुरू हो गया.

लगातार बढ़ते जनदबाव और हालात की गंभीरता को देखते हुए जिला कलेक्टर संजय कुमार जैन ने प्रशासनिक व्यवस्था को भरोसेमंद बनाए रखने की दिशा में कदम उठाया और मूल विभाग पंकज को भेज दिया गया. आंदोलनकारियों का कहना है कि यदि आदेश पहले ही जारी होना था, तो फिर 18 दिसंबर को अनशनकारियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की आवश्यकता क्यों पड़ी. आदेश के बाद अनशनकारियों को बिना शर्त जेल से रिहा कर दिया गया. उपजेल के बाहर समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. फूल-मालाओं से बुजुर्ग आंदोलनकारियों का स्वागत किया गया. इसके बाद उनका काफिला पुनः कलेक्ट्रेट के सामने धरना स्थल पहुंचा, जहां आंदोलनकारियों ने अनशन समाप्त करने की घोषणा की. यह पूरा घटनाक्रम मऊगंज में भ्रष्टाचार के खिलाफ जनसंघर्ष की एक बड़ी मिसाल बन गया है० बुजुर्गों के साहस, जनसमर्थन और जनदबाव के आगे अंततः प्रशासन को झुकना पड़ा, लेकिन गिरफ्तारी और आदेश की समय-सीमा को लेकर उठे सवाल अब भी चर्चा में हैं.